रहा था तो गलती से वह लाइन नं० 1 पर चला गया जिस पर 81 अप सवारी गाड़ी पहले से खड़ी थी।

(ग) जिन रेल कर्मचारियों को इस दुर्घटना के लिए उत्तरदायी ठहराया गया है, उनके विरुद्ध अनुशासनिक कार्रवाई की जा रही है।

अप्रैल, 1967 में मसूरी-दिल्ली एक्सप्रेस गाड़ी तथा ट्रक के बीच टक्कर

6365. श्री हुकम चन्द कछवाय :
श्री राम सिंह अग्रवाल :
श्री जगन्नाथ राव जोशी :

क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि 10 अप्रैल, 1967 को गजरौला जंक्शन और धनौरा स्टेशन के बीच मसूरी-दिल्ली एक्सप्रेस गाड़ी की एक ट्रक के साथ टक्कर हुई थी;

(ख) यदि हां, तो उसके परिणामस्वरूप जान व माल की कितनी हानि हुई ;

(ग) दुर्घटना होने के क्या कारण थे; और

(घ) इस मामले में सरकार ने क्या कार्यवाही की है ?

रेलवे मंत्री (श्री के० मु० पुनाचा) : (क) दुर्घटना 8-4-1967 को हुई।

(ख) इस दुर्घटना में कोई व्यक्ति नहीं मरा, लेकिन दो व्यक्तियों को मामूली चोटें आयीं। रेल सम्पत्ति को कोई क्षति नहीं पहुंची।

(ग) दुर्घटना ट्रक-ड्राइवर की असावधानी के कारण हुई, जो रेलवे लाइन को उस समय पार करने की कोशिश कर रहा था जब कि सामने से गाड़ी आ रही थी।

(घ) इस दुर्घटना के लिए ट्रक का ड्राइवर जिम्मेदार ठहराया गया है। पुलिस उस पर मुकदमा चला रही है।

सिम्भूली रेलवे स्टेशन पर ऊपरी पुल

6366. श्री प्रकाश वीर शास्त्री : क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सिम्भूली रेलवे स्टेशन पर एक ऊपरी पुल बनाने के बारे में पहले कोई सर्वेक्षण किया गया था ;

(ख) यदि हां, तो उसका क्या परिणाम रहा ; और

(ग) इस महत्वपूर्ण स्टेशन पर यात्रियों की सुविधा के लिए यह पुल कब तक बन जाने की संभावना है ?

रेलवे मंत्री (श्री के० मु० पुनाचा) : (क) जी हां।

(ख) यात्री एक प्लेटफार्म से दूसरे प्लेटफार्म पर आ-जा सकें, इस प्रयोजन से रेल प्रशासन ऊपरी पैदल पुलों की व्यवस्था करते है। ये पुल एक कार्यक्रम के अनुसार बनाये जाते हैं। इस स्टेशन पर चढ़ने-उतरने वाले यात्रियों की संख्या के आधार पर और इस तथ्य को देखते हुए कि दोनों प्लेटफार्मों को जोड़ने के लिए इनके दोनों सिरों पर पैदल-मार्ग बने हुए हैं, फिलहाल यहां ऊपरी पैदल पुल बनाने का औचित्य नहीं दिखाई देता।

(ग) सवाल नहीं उठता।

Booking of Betel Leaves from Panskura Station (S. E. Railway)

6367. Shri Dattatraya Kunte:
Shri H. P. Chatterjee:
Shri S. C. Samanta:
Shri Yashpal Singh:

Will the Minister of Railways be pleased to state:

(a) whether it is a fact that about